# ABHINAY MATHS CLASSES



ABHINAY PUBLICATIONS

MATHSWITHABHINAY

Motivation | Entertainment | Teaching

# MATHEMATICS



Abhinay Sharma

## Practice Sheet

## PROFIT AND LOSS

वक्त बदलता है, फिर बदलेगा
सारा जहाँ अपना होगा।

FOR ARITHMETIC
PRACTICE PDF

Subscribe to My YouTube Channel- ABHINAY MATHS
For Maths Notes - PDF follow my fb page - ABHINAY MATHS

9555202436, 9716761136

## Profit & Loss

1. On selling an article for Rs. 1470 a man gets profit of 22.5%. Find the cost price of the aricle.
किसी वस्तु को 1470 रु. में बेचने पर 22.5% का लाभ होता है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करो।

2. On selling an article for Rs. 155 a man bears loss of $16\frac{2}{3}\%$. Find the cost price of article.
किसी वस्तु को 155 रु. में बेचने पर $16\frac{2}{3}\%$ की हानि होती है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करो।

3. In selling an article for Rs. 76, there is a profit of 52%. If it is sold for Rs. 75, the profit percent will be
76 रु. में एक वस्तु को बेचने पर 52% लाभ होता है। यदि इस वस्तु का 75 रुपये में बेचा जाये, तो प्रतिशत लाभ ज्ञात करें।

4. If books bought at price from Rs. 150 to Rs. 300 are sold at prices ranging from Rs. 250 to Rs. 350. What is the greatest possible profit that can made in selling 15 books?
150 रु से 300 रु के बीच के मूल्यों पर किताबें खरीदी जाती है और 250 रु से 350 रु के बीच के मूल्यों पर उन्हें बेचा जाता है, तो 15 किताबों को बेचने पर अधिकतम लाभ क्या होगा?

5. Loss incurred by selling an article for Rs 600 is equal to profit gained by selling same article for Rs 1000 Find the cost price of this article?
किसी वस्तु को 600 रु. में बेचने पर जो हानि होती हैं उसे 1000 रू. में बेचने पर उतना ही लाभ होता है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें।

6. Loss incurred by selling an article for Rs 550 is equal to half of the profit gained by selling same article for Rs 850 Find the cost price of this article?
किसी वस्तु को 550 रु. में बेचने पर जो हानि होती हैं वो 850 रु. में बेचने पर हुये लाभ का आधा है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें।

7. The profit earned when an article is sold for Rs. 800 is 20 times the loss incurred when it is sold for Rs. 275. At what price should the article be sold if it is desired to make a profit of 25%.
एक वस्तु को 800 रुपये में बेचने पर हुआ लाभ उस वस्तु को 275 रुपये में बेचने पर हुयी हानि का 20 गुना है। 25 प्रतिशत लाभ कमाने के लिए वस्तु को किस कीमत पर बेचा जाये।

8. Loss incurred by selling an article for Rs 800 is 23% more than profit gained by selling same article for Rs 1246 Find the cost price of this article?
किसी वस्तु को 800 रु. में बेचने पर जो हानि होती हैं वह 1246 रु. में बेचने पर हुआ लाभ से 23% ज्यादा है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें।

9. Ratio of Loss incurred by selling an article for Rs 820 and profit gained by selling same article for Rs 950 is 7 : 6. Find the cost price of this article?
किसी वस्तु को 820 रु. में बेचने पर जो हानि होती हैं और वस्तु को उस 950 रु. में बचने पर जो लाभ होता है। उसका अनुपात 7 : 6 है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें।

10. The ratio of cost price and selling price is 5 : 4, the loss percent is :
लागत मूल्य तथा वि.मू. का अनुपात 5 : 4 है, तो प्रतिशत हानि ज्ञात करें।

11. If selling price of an article is $\frac{8}{5}$ times of its cost price, the profit percent on it is:
यदि किसी वस्तु का वि.मू. उसके लागत मूल्य का $\frac{8}{5}$ गुणा है, तो प्रतिशत लाभ ज्ञात करें।

12. Selling price of 25 articles is equal to cost price of 20 articles. Find profit/loss %.
25 वस्तु का विक्रय मूल्य 20 वस्तु के क्रय मूल्य के बराबर है, लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात करो।

13. Selling price of 33 articles is equal to cost price of 44 articles. Find profit/loss %.
33 वस्तु का विक्रय मूल्य, 44 की क्रय मूल्य के बराबर है। लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात करो ?

14. If the total cost of 73 articles having equal cost is Rs 5, 110 and the total selling price of 89 such articles is Rs 5, 607, then in the transaction, there will be
यदि समान मूल्य वाली 73 वस्तुओं का कुल-मूल्य रु. 5110 तथा ऐसी 89 वस्तुओं का कुल विक्रय-मूल्य रु. 5607 हो, तो सौदे में होगा।

15. On selling 23 articles a person gains profit equal to selling price of 3 articles. Find profit %.
23 वस्तु को बेचने पर 3 वस्तु की विक्रय मूल्य के बराबर लाभ होता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात करो।

16. On selling 25 articles a person incurred loss equal to cost price of 5 articles. Find profit/loss.
25 वस्तु को बेचने पर 5 वस्तु की क्रय मूल्य के बराबर हानि होता है। लाभ या हानि ज्ञात करो।

17. On selling 17 articles for Rs 720 a person incurred loss equal to cost price of 5 articles. Find the C.P. of each article ?
17 वस्तु को 720 रु. में बेचने पर 5 वस्तु की क्रय मूल्य के बराबर हानि होती है। प्रत्येक वस्तु का क्रय मूल्य क्या होगा?

18. Cost price of 19 articles is Rs 625. By selling these articles A person incurred loss equal to selling price of 6 articles. Find the selling price of each article.

mathswithabhinay.com

19 वस्तु को 625 रु. में खरीदा गया। इन्हें बेचने पर 6 वस्तु की विक्रय मूल्य के बराबर हानि हुई। प्रत्येक वस्तु का विक्रय मूल्य क्या है ?

**19.** The cost price of 16 apples is equal to the selling price of 10 apples. The cost price of 12 oranges is equal to the selling price of 16 oranges and the cost price of 6 mangoes is equal to the selling price of 4 mangoes. If the ratio of the cost price of 1 apple, 1 orange and 1 mango is in the ratio of 1 : 1: 2, then find the net profit percent on the sale of 1 apple, 2 oranges and 2 mangoes.

यदि 16 सेब का क्रय मूल्य 10 सेब के विक्रय मूल्य, 12 संतरे का क्रय मूल्य 16 संतरे के विक्रय मूल्य एवं 6 आम का क्रय मूल्य 4 आम के विक्रय मूल्य के बराबर हो। और एक सेब, एक संतरे तथा एक आम का अनुपात 1 : 1 : 2 हो तो एक सेब, दो संतरे तथा दो आम बेचने पर हुए कुल लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

**20.** A person bought some articles at rate of 11 for Rs 10 and sold them at the rate of 10 for Rs 11 Find the profit/loss %.

10 रू. के 11 की दर से कुछ वस्तु खरीदी गयी और 11 रू. में 10 के हिसाब से बेच दी। लाभ/हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए?

**21.** A person bought some articles at rate of 6 for Rs 5 and sold them at the rate of 5 for Rs 6. Find the profit or loss %.

रू. 5 के 6 के हिसाब से कुछ वस्तु खरीदी और 6 रू. में 5 के हिसाब से बेच दी। लाभ/हानि ज्ञात कीजिए ?

**22.** A person bought some caps at rate of 60 for Rs 93 and sold them at the rate of 50 for Rs 93.Find the profit or loss %.

93 Rs में 60 के हिसाब से टोपियों खरीदी गई। और 93 Rs में 50 के हिसाब से उन्हें बेच दिया। लाभ/हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए?

**23.** A person bought some caps at rate of 27 for Rs 102 and sold them at the rate of 8 for Rs 34. Find the profit or loss %.

102 Rs में 27 के हिसाब से टोपियां खरीदी गई। और 34 Rs में 8 के हिसाब तो लाभ/हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए?

**24.** A person bought some article at rate of 36 for Rs 189 and sold them at the rate of 45 for Rs 189. Find the profit or loss %.

189 Rs. में 36 के हिसाब से कुछ वस्तु खरीदी। 189 Rs. में 45 के हिसाब से बेच दिया। तो लाभ/हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए?

**25.** A person bought some article at rate of 11 for Rs 10 and bought same number of articles at the rate of 9 for Rs 10. And sold all the stock at the rate of 1 for Rs 1. Find the profit or loss %.

कुछ टॉफी 10 Rs में 11 के हिसाब से खरीदी गई। उतनी ही टॉफियाँ 10 Rs में 9 के हिसाब से खरीदी गई। पूरे भंडार को 1 Rs/ टॉफी के हिसाब से बेच दिया। लाभ/हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए?

**26.** A fruit merchant bought some oranges at the rate of 4 for Rs 10 and same amount of oranges at the rate of 5 for Rs 10 . If he sells whole stock at the rate of 9 for Rs 20. Find his profit /loss %.

एक फल विक्रेता रु. 10 में 4 की दर पर कुछ संतरे खरीदता है और रु. 10 में 5 की दर पर उतने ही संतरे और खरीदता है। वह रु. 20 में 9 की दर पर सारे बेचता है। उसे कितने प्रतिशत हानि या लाभ हुआ?

**27.** A person bought some article at rate of 6 for Rs 20 and bought same number of articles at the rate of 8 for Rs 25. And sold all the stock at the rate of 8 for Rs 31. Find the profit or loss% ?

20 Rs में 6 के हिसाब से कुछ वस्तु खरीदी। 25 Rs में 8के हिसाब से उतने ही वस्तु खरीदी और 31 Rs में 8 के हिसाब से बेच दी। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए?

**28.** A person bought some article at rate of 6 for Rs 20 and bought double number of articles at the rate of 8 for Rs 26. And sold all the stock at the rate of 24 for Rs 118. Find the profit or loss% ?

20 Rs. में 6 के दर से कुछ वस्तु खरीदी और 26 Rs. में 8 के हिसाब से उससे दोगुनी वस्तु खरीदी । दोनों को मिलाकर 118 Rs में 24 के हिसाब से बेच दिया गया। लाभ /हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए?

**29.** A person bought 16 articles for Rs 25 and sold 5 articles for Rs 12 so overall he gains Rs 134. Find the number of articles he bought?

25 Rs के 16 वस्तु खरीदी और 12 Rs की 5 वस्तु बेची गयी कुल 134 Rs का फायदा हुआ। कितनी वस्तु खरीदी गयी?

**30.** A person bought 4 articles for Rs 15 and sold 6 articles for 25 Rs over all he gains Rs 25. Find the number of articles he bought?

15 Rs के 4 के हिसाब वस्तु खरीदी और 25 Rs के 6 के हिसाब से बेच दी। कुल 25 Rs. का फायदा हुआ। वस्तु की संख्या ज्ञात करें?

**31.** A man purchased a box full of pencils at the rate of 7 for Rs. 9 and sold all of them at the rate of 8 for Rs. 12. In this transaction, he gained Rs. 10. How many pencils did did the box contian?

एक आदमी पेन से भरा हुआ बक्सा 9 रुपये के 7 की दर से खरीदता है और 8 रुपये के 11 के दर से बेच कर 10 रुपये का लाभ कमाता है। बक्से में पेन की संख्या ज्ञात करें?

**32.** A boy buys oranges at the rate of 3 for Rs. 2 and sells them at a rupee each. How many oranges must he sell to make a profit of Rs 10?

एक आदमी दो रुपये के 3 संतरे खरीदता है और 1 रुपये में 1 संतरा बेचता है कुल 10 रुपये का लाभ कमाने के लिए उसे कितने संतरे बेचनें होगें?

**33.** I bought some oranges at the rate of 4 for Rs 1. I kept $\frac{1}{5}$ with my self and sold remaining at the rate of 3 for Rs 1 and earn profit of Rs 1. Find the number of oranges I bought ?

mathswithabhinay.com

मैंने कुछ संतरे एक रुपये में 4 के भाव से खरीदे। उसमें से पाँचवाँ भाग मैंने अपने पास रख लिया तथा शेष को 1 रु. में 3 के भाव से बेच दिया और मुझे 1 रु. का लाभ हुआ। मैंने कितने संतरे खरीदे?

**34.** A person bought some article at rate of 5 for Rs 1 and bought same number of articles at the rate of 4 for Rs 1. And sold all the stock at the rate of 9 for Rs 2.Total loss is 3 rupees.Find the number of articles he bought?
1 रु. में 5 के हिसाब से कुछ वस्तु खरीदी उतने ही वस्तु 1 रु. में 4 के हिसाब से खरीदी। दोनों को मिलाकर 2 रु. में 9 के हिसाब से बेच दिया तो 3 रु. की हानि हुई। वस्तु की संख्या ज्ञात करें?

**35.** On selling 80 articles for Rs 140 a person incurred a loss of 30%. How many articles he should sell for Rs 104 to earn profit of 30%.
140 रु. के 80 वस्तु को बेचने पर 30% हानि होती है। 104 रु. में कितनी वस्तु बेचे जायें कि 30% का लाभ हो?

**36.** On selling 70 articles for Rs 160 a person incurred loss of 20%. How many articles he should sell for Rs 96 to earn profit of 20%.
160 रु. में 70 वस्तु बेचने पर 20% की हानि होता है। 96 रु. में कितने वस्तु बेंचे कि 20% का फायदा हो?

**37.** A person bought 7 apples for Rs 3. At what price his should sell 100 apples to get the profit of 33%.
3 रु. के 7 सेब खरीदे। 100 सेब कितने में बेंचे कि 33% का फायदा हो?

**38.** A person bought 9 articles for Rs 5. At what price his should sell 100 articles to get the profit of 8%.
5 रु. के 9 वस्तु खरीदी। 100 वस्तु कितने में बेचे कि 8% का फायदा हो?

**39.** After selling 4 article for Rs 1 a person incurred loss of 4 % if he had sold 3 article for Rs 1 his profit would be?
1 रु. में 4 वस्तुएं बेच कर एक आदमी को 4% हानि होती है। यदि उसने एक रुपए में तीन वस्तुएं बेची होती, तो उसे लाभ होता?

**40.** By selling oranges at 32 a rupee, a man loses 40%. How many for a rupee should he sell in order to gain 20% ?
रु. 1 के 32 संतरे बेचने पर एक व्यक्ति को 40% की हानि होती है, रु. 1 के कितने संतरे बेचे की उसे 20% का लाभ हो।

**Two article are sold at**

$I^{st} \rightarrow x\%$ profit

$II^{nd} \rightarrow x\%$ loss

(1) If C.P. is same $\rightarrow$ overall no profit no loss

(2) If S.P. is same $\rightarrow$ overall $\frac{x^2}{100}\%$ loss

**दो वस्तु को क्रमशः**

$I^{st} \rightarrow x\%$ लाभ पर

$II^{nd} \rightarrow x\%$ हानि पर

(1) यदि क्रय मूल्य सामान हो $\rightarrow$ न लाभ न हानि

(2) यदि विक्रय मूल्य सामान हो $\rightarrow$ तो कुल $\frac{x^2}{100}\%$ हानि होगी

**41.** Two articles were sold for Rs 1199 each. First was sold at 15% loss and second at 15% profit. Find over all profit or loss.
दो वस्तु को 1199 रु. प्रत्येक के हिसाब से बेचा जाता है। पहले को 15% हानि तथा दूसरे को 15% लाभ पर बेचा गया। लाभ/हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए?

**42.** Two horses were sold for Rs 1920 each. First was sold at 20% loss and second at 20% profit. Find over all profit or loss.
दो घोड़े 1920 रु. प्रत्येक के हिसाब से बेचा जाता है। एक को 20% लाभ तथा दूसरे को 20% हानि पर बेचा जाता है। कुल कितने रुपये का लाभ या हानि हुआ?

**43.** Ram and Nikhil both are dealers of Boeing helicopter. The price of boeing helicopter is Rs. 28000. Ram gives a discount of 10% on the whole, while Nikhil gives a discount of 12% on first Rs 20000 and 8% on the rest Rs. 8000. What is the difference between their selling prices?
राम और निखिल दोनों बोईंग हेलिकोप्टर के विक्रेता हैं। बोईंग हेलिकोप्टर का मूल्य 28000 रु. है। राम सौदे पर 10% छूट देता है। जबकि निखिल प्रथम 20000 रु. 12% छूट देता है तथा 8000 रु. पर 8% छूट देता है। दोनों के विक्रय मूल्य में कितना अन्तर होगा?

**44.** A milkman purchases the milk aid Rs $x$ per liter and sells it at Rs $x$ per liter and still he mixes 2 liter water with every 6 liter of pure milk. What is the profit percentage?
एक दूध वाला $x$ रु. प्रति लीटर की दर से दूध खरीदता है। तथा प्रत्येक 6 लीटर दूध में 2 लीटर पानी मिलाने के बाद वह मिश्रण को $2x$ रु. प्रति लीटर की दर से बेचता है। उसका लाभा प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**45.** A house and a shop were sold for Rs. 1 lakh each, In this transaction, the house sale resulted into 20% loss whereas the shop sale into 20% profit. The entire transaction resulted in :
एक घर तथा एक दुकान, प्रत्येक को 1 लाख में बेचा गया। मकान पर 20% की हानि हुई तथा दुकान पर 20% का लाभ हुआ, तो पूरे सौदे का परिणाम क्या रहा।

**46.** Two horses were sold at Rs 1599 each. First was sold at 25% profit and second at 20% loss. Find the over all profit or loss %.
दो घोड़े 1599 रु. के प्रत्येक बैचे जाते हैं। पहले घोड़े को 25% लाभ पर बेचा है तथा दूसरे को 20% हानि पर बेचा हो तो कुल मिलाकर हुए लाभ या हानि का प्रतिशत ज्ञात करो।

mathswithabhinay.com

**47.** Two horses were sold at Rs 2380 each. First was sold at 20% profit and second at 25% loss. Find the over all profit or loss %.
दो घोड़े 2380 रु. के प्रत्येक बैचे जाते हैं। पहले घोड़े को 20% लाभ पर बेचा है तथा दूसरे को 25% हानि पर बेचा हो तो कुल मिलाकर हुए लाभ या हानि का प्रतिशत ज्ञात करो।

**48.** Two horses were sold at Rs 1710. First was sold at 10% loss and second at 25% profit. If the cost price of first horse is equal to selling price of second horse. Find the over all profit or loss in rupees.
दो घोड़े 1710 रु. के बैचे जाते हैं। पहले घोड़े का क्रय मूल्य दूसरे घोड़े के विक्रय मूल्य के बराबर है यदि पहले घोड़े को 10% हानि पर बेचा है तथा दूसरे को 25% लाभ पर बेचा है तो कुल मिलाकर हुए लाभ या हानि का कितने रु. होगी।

**49.** Two horses were bought at Rs 1600. First was sold at 10% profit and second at 20% profit. If first were sold at 20% profit and second at 10% profit he would get Rs 5 more. Find the difference between the cost price of both the horses.
दो घोड़े 1600 रु. के खरीदे गये। पहले घोड़े को 10% लाभ पर बेच दिया तथा दूसरे को 20% लाभ पर बेच दिया। यदि उसने पहले को 20% लाभ और दूसरे को 10% लाभ पर बेचा होता तो 5 रु. ज्यादा मिलते। दोनों घोड़ो के क्रय मूल्य का अन्तर ज्ञात करें।

**50.** A wrist watch and clock were bought at Rs 390. On selling wrist watch at 10% profit and clock at 15% profit a person gains Rs 51.5. Find the difference between cost price of both the watches.
एक कलाई घड़ी तथा एक दीवार घड़ी 390 रु. में खरीदी जाती है। यदि कलाई घड़ी को 10% लाभ पर तथा दीवार घड़ी को 15% लाभ पर बेचे तो 51.5 रु. का लाभ होता है। दोनों घड़ी के क्रय मूल्य का अन्तर ज्ञात करें।

**51.** A person bought two horses at the rate of Rs 40000 each. If he gains 15% profit on selling cost on first horse and sold second horse at loss and bears over all loss of Rs 3600. Find S.P. of second horse.
एक आदमी ने 2 घोड़े, 40000 रु. प्रत्येक की दर से खरीदे। पहले घोड़े पर 15% का लाभ कमाया तथा दूसरा मजबूरी में हानि पर बेचना पड़ा। कुल 3600 रु. की हानि हुई। तो दूसरे घोड़े का विक्रय मूल्य ज्ञात करें ?

**52.** A person sells his table at a profit of $12\frac{1}{2}\%$ and the chair at a loss of $8\frac{1}{3}\%$ but on the whole he gains Rs 25. On the other hand if he sells the table at a loss of $8\frac{1}{3}\%$ and the chair at a profit of $12\frac{1}{2}\%$ then he neither gains nor loses. Find the cost price of the table.
एक आदमी एक टेबल पर $12\frac{1}{2}\%$ लाभ और कुर्सी को $8\frac{1}{3}\%$ हानि पर बेचता है तो उसे कुल 25 रुपये का फायदा होता है यदि वो टेबल को $8\frac{1}{3}\%$ हानि पर बेचता और कुर्सी को $12\frac{1}{2}\%$ लाभ पर बेचता तो उसे न हानि होती न लाभ टेबल का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**53.** A man buys two chairs for a total cost of Rs 900. By selling one for $\frac{4}{5}$th of its cost and the other for $\frac{5}{4}$th of its cost, he makes a profit of Rs 90 on the whole transaction. The cost of the lower priced chair is.
एक आदमी दो कुर्सियां कुल रु. 9000 की लागत में खरीदता है। एक को उसकी लागत के $\frac{4}{5}$ पर और दूसरी को उसकी लागत के $\frac{5}{4}$ पर बेचकर उसे कुल मिलाकर इस लेन-देन में रु. 90 का लाभ होता है । कम दाम वाली कुर्सी की लागत है?

**54.** A person bought 2 fans for Rs 2160. After selling first fan at 15% profit and second at 9% loss he neither gains nor looses . Find C.P. of each fan?
एक आदमी 2,160 रु. में दो पंखे खरीदता है। एक पंखा 15% के लाभ पर और दूसरा 9% की हानि पर बेच कर उसे पूरे सौदे में न लाभ होता है न हानि । हर पंखे का क्रय मूल्य है (रु. में)

**55.** A person bought a horse and a vehicle for Rs 40,000 he sold horse at 10% profit and vhicle at 5% loss on whole transection he got profit of 1% . Find C.P. of horse?
एक आदमी ने एक घोड़ा और एक वाहन 40,000 में खरीदे। उसने घोड़ा 10% के लाभ पर बेच दिया और वाहन 5% की हानि पर कुल सौदे पर उसे 1% का लाभ हुआ। घोड़े का क्रय मूल्य था?

**56.** A farmer sold a cow and a calf for Rs 760 and got a profit of 10% on the cow and 25% on the calf. If he sells the cow and the calf for Rs 767.50 and gets a profit of 25% on the cow and 10% on the calf, find the individual cost price of the cow and the calf.
एक किसान एक गाय और बछड़े को 760 रुपये में बेचता है और गाय पर 10% पर एवं बछड़े पर 25% लाभ कमाता है यदि वह उन्हें 767.5 रुपये में बेचता तो गाय पर 25% और बछड़े पर 10% लाभ कमाता। गाय और बछड़े का अलग-अलग क्रय मूल्य ज्ञात करें।

**57.** If I sell a horse for Rs 6200 and a cow for Rs 2600 i will earn 10% profit. If I sell a horse for Rs 6000 and a cow at its C.P. and earn $12\frac{1}{2}\%$ profit. Find C.P. of each?

mathswithabhinay.com

यदि मैं एक घोड़ा 6200 रु. में और एक गाय 2600 रु. में बेचता हूँ तो दोनों की लागत पर 10% कमाता हूँ। यदि मैं घोड़ा को 6000 रु. में और गाय को उसके क्रय मूल्य पर बेचता हूँ तो मुझे $12\frac{1}{2}\%$ का लाभ होता है। प्रत्येक की मूल लागत या क्रय मूल्य क्या है?

**58.** I get profit of 10% on selling a horse for Rs 3100 and a buffalo for Rs 1300 . I incur loss of 10% if I sell horse for Rs 3150 and a buffalo at its C.P. . Find the difference of C.P. of horse and buffalo.

यदि मैं एक घोड़ा 3100 रुपये में तथा एक भैंस 1300 रुपये में बेचू तो मुझे 10% का लाभ होता है। लेकिन यदि मै घोड़ा 3150 रुपये में तथा भैंस क्रय मूल्य पर ही बेचू तो मुझे 10% की हानि होती है घोड़ा तथा भैंस के क्रय मूल्यों में क्या अन्तर है।

**59.** A person ordered 4 shirts of brand A and some shirts of brand B. The price of one shirt of brand A was twice that of brand B. When the order was executed, it was found that the number of the two brands has been interchanged. This increased the bill by 40%. The ratio of the number of brand A shirts to that of brand B shirts in the original order was

एक व्यक्ति ब्राँड A के 4 कमीज और ब्राँड B के कुछ कमीज दुकान से मँगवाता है। ब्राँड A के प्रत्येक कमीज का मूल्य ब्राँड B के प्रत्येक कमीज के मूल्य का दुगुना है। जब कमीजे घर आयी तो ये पाया गया कि दोनों ब्राँडो के कमीजो की संख्या आपस में बदल गई है। परिणामस्वरूप, कमीजों की संख्या आपस में बदल गई है। परिणामस्वरूप, कमीजो की कुल कीमत 40% बढ़ गई, तो ब्राँड A एवं ब्राँड B की मूल संख्या का अनुपात है–

**60.** A person calculates $33\frac{1}{3}\%$ profit at S.P. find his profit at C.P.

एक आदमी विक्रय मूल्य पर $33\frac{1}{3}\%$ लाभ का दावा करता है। क्रय मूल्य पर उसका लाभ कितना होगा?

**61.** A person calculates $16\frac{2}{3}\%$ profit at S.P. find his profit at C.P.

एक आदमी विक्रय मूल्य पर $16\frac{2}{3}\%$ का लाभ कमाता है। तो क्रय मूल्य का उसका लाभ होगा ?

**62.** A person calculates $33\frac{1}{3}\%$ loss at S.P. find his loss at C.P.

एक आदमी विक्रय मूल्य पर $33\frac{1}{3}\%$ की हानि उठाता है। तो क्रय मूल्य पर कितना% हानि होगी?

**63.** One shopkeeper calculates his profit at C.P. and second at S.P. both gains profit of 20%. If S.P. of both is same and differences of both the profit is Rs 85 then find the S.P. ?

दो व्यापारी है। एक अपना लाभ क्रय मूल्य पर तथा दूसरा विक्रय मूल्य पर निकालता है यदि दोनों 20% लाभ का दावा करते है। यदि दोनों का विक्रय मूल्य समान हो तथा दोनों के लाभ का अंतर 85 रु. है। तो विक्रय मूल्य ज्ञात करें?

**64.** A person sells T.V. at 20% profit. If he gets profit equal to 20% S.P. then he would gain (3% of C.P. + 83 Rs) more. Find C.P. of T.V.?

एक T.V. को 20% लाभ पर बेचा जाता है। यदि विक्रय मूल्य पर 20% का लाभ हुआ होता तो Profit (क्रय मूल्य का 3% + 83 Rs) होता, वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**65.** A person sells T.V. at 25% profit. If he gets profit equal to 25% S.P. then he would gain (5% of C.P. + 80 Rs) more. Find C.P. of T.V.?

एक आदमी एक T.V. को 25% लाभ पर बेचता है। यदि उसको इस T.V. पर विक्रय मूल्य के 25% के बराबर लाभ हुआ होता तो उसे (क्रय मूल्य का 5% + 80 Rs.) ज्यादा मिलते तो उस T.V. का क्रय मूल्य क्या है?

**66.** An article was sold at 10% profit. Had it been purchased at 5% less and sold at Rs 110 less there would have been profit of 10%. Find C.P. of article?

एक वस्तु को 10% लाभ पर बेचा जाता है। यदि उसे 5% कम में खरीदा गया होता और 110 रु. कम में बेचा गया होता तो 10% लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**67.** An article was sold at 15% profit. Had it been purchased at 5% more and sold at Rs 6 more there would have been profit of 10%. Find C.P. of article?

एक वस्तु को 15% लाभ पर बेचा जाता है। यदि उसे 5% अधिक में खरीदा गया होता और 6 रु. ज्यादा में बेचा गया होता तो 10% लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**68.** An article was sold at 12% profit. Had it been purchased at 10% less and sold at Rs 5.75 more there would have been profit of 30%. Find C.P. of article?

एक वस्तु को 12% लाभ पर बेचा जाता है। यदि 10% कम में खरीदा गया होता और 5.75 रु. ज्यादा में बेचा गया होता तो 30% लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**69.** A book seller sells a book at a profit of 10%. If he had bought it at 4% less and sold it for Rs. 6 more. he would have gained $18\frac{3}{4}\%$. The cost price of the book is

एक पुस्तक विक्रेता एक किताब 10% लाभ पर बेचता है। यदि वह उस किताब को 4% कम मूल्य पर खरीदता तथा 6 रुपये अधिक मूल्य पर बेचता तो उसे $18\frac{3}{4}\%$ का लाभ होता, पुस्तक का क्रय मूल्य ज्ञात करें।

**70.** A businessman sells a commodity at 10% profit. If he had bought it at 10% less and sold it for Rs. 2 less, then he would have gained $16\frac{2}{3}\%$ The cost price of the commodity is

mathswithabhinay.com

एक व्यापारी एक वस्तु को 10% लाभ पर बेचता है। यदि वह वस्तु को 10% कम मूल्य पर खरीदता और 2 रु. कम में बेचता तो उसे $16\frac{2}{3}\%$ लाभ होता, तो वस्तु का लागत मूल्य ज्ञात करें।

**71.** An article was sold at 20% profit. Had it purchased at Rs 20 less and sold at Rs 20 less there would have been profit of 10% more. Find C.P. of article?

एक वस्तु को 20% लाभ पर बेचा जाता है। यदि क्रय मूल्य एवं विक्रय मूल्य दोनों ही 20 रु. कम हो तो लाभ % पहले से 10% ज्यादा होगा। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**72.** An article was sold at 25% profit. Had it purchased at Rs 20 less and sold at Rs 10 less there would have been profit of 5% more. Find C.P. of article?

एक वस्तु को 25% लाभ पर बेचा जाता है। यदि क्रय मूल्य 20 रु. तथा विक्रय मूल्य 10 रु. कम होती तो लाभ %, 5% बढ़ जाता। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**73.** An article is sold at a profit of 20%. If both the cost price and selling price were Rs 100 less, the profit would have 4% more. Find the cost price.

किसी वस्तु को 20% लाभ पर बेचा जाता है यदि क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य दोनों ही 100 रुपये कम होते तो लाभ 4% अधिक होता है वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**74.** An article is sold at 25% profit. If its CP and SP are more by Rs 20 and Rs 4 respectively, the percentage of profit decreases by 15%. Find the cost price.

किसी वस्तु को 25% लाभ पर बेचा जाता है यदि इसका क्रय मूल्य 20 रुपये एवं विक्रय मूल्य 4 रुपये बढ़ा दिया जाये तो लाभ 15% कम हो जाता है वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**75.** An article is sold at 20% profit. If its cost is increased by Rs 50 and at the same time if its selling price is also increased by Rs 30, the percentage of profit decreases by $3\frac{1}{3}\%$. Find the cost price.

एक वस्तु को 20% को लाभ पर बेचा जाता है यदि इसके क्रय मूल्य को 50 रुपये एवं विक्रय मूल्य को 30 रुपये बढ़ा दिये जाये तो लाभ $3\frac{1}{3}\%$ कम हो जाता है वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**76.** An article was sold at $11\frac{1}{9}\%$ profit. Had been it purchased at Rs 1300 less and sold at Rs 3000 less there would have been loss of $9\frac{1}{11}\%$. Find C.P. of article?

एक वस्तु को $11\frac{1}{9}\%$ लाभ पर बेचा जाता है। यदि क्रय मूल्य 1300 रु. तथा विक्रय मूल्य 3000 रु. कम होती तो हानि $9\frac{1}{11}\%$ हो जाती। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**77.** An article was sold at 23% profit. Had it purchased at Rs 4 less and sold at Rs 20 less there would have been profit of 10% less. Find C.P. of article?

एक वस्तु को 23% लाभ पर बेचा जाता है। यदि क्रय मूल्य 4 कम तथा विक्रय मूल्य, 20 रु. कम होती तो लाभ%, 10% कम होता। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**78.** A shopkeeper sells his goods at C.P. but uses 900gm weight find profit %.

एक दुकानदार क्रय मूल्य पर बेचने की बात करता है किन्तु 900 ग्राम का वाट प्रयोग करता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

**79.** A shopkeeper sells his goods at C.P. but cheats to the extent of 10% while buying as well as selling by using false weight. Find profit %.

एक दुकानदार क्रय मूल्य पर बेचने की बात करता है। खरीदते और बेचते समय 10% वजन का घपला करता है तो उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

**80.** A shopkeeper sells watermellon at profit of 10% but cheats to the extent of 10% while measuring. Find profit %.

एक दुकानदार 10% लाभ पर तरबूज बेचता है। किन्तु वजन में 10% का घपला करता है तो उसका लाभ प्रतिशत क्या होगा?

**81.** A shopkeeper marks his goods at 20% more and offers discount of 10%. And weights 100gm less. Find his over all profit %.

एक दुकानदार अपनी वस्तुओं को 20% ज्यादा अंकित करता है। 10% की छूट देता है। किन्तु 100 ग्राम कम तौलता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात करें ?

**82.** A shopkeeper marks his goods at 20% more and offers discount of 10%. He cheats to the extent of 10% while buying as well as selling by using false weight. Find his over all profit %.

एक दुकानदार 20% अधिक मूल्य अंकित करता है एवं 10% छूट देता है। खरीदते और बेचते समय 10% का घपला करता है तो लाभ प्रतिशत ज्ञात करें ?

**83.** A dishonest dealer sells goods at $6\frac{1}{4}\%$ loss on cost price but uses 14 gms instead of 16 gms. What is his profit of loss %.

एक बेईमान दुकानदार क्रय मूल्य पर $6\frac{1}{4}\%$ की हानि उठाता है परन्तु 16 ग्राम की जगह 14 ग्राम का बाट प्रयोग करता है उसको होने वाला लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात करें?

mathswithabhinay.com

**84.** A dishonest dealer sells the goods at $6\frac{1}{4}\%$ loss on cost price but uses $12\frac{1}{2}\%$ less weight. What is his profit or loss %.

एक बेईमान दुकानदार क्रय मूल्य पर $6\frac{1}{4}\%$ की हानि उठाता है यदि $12\frac{1}{2}\%$ कम तौलता है। तो उसको होने वाला लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात करें?

**85.** A dishonest dealer sells the goods at 10% profit on cost price but uses false meter. So his over all profit is 30% find the cm. that he measured in 1 m.

एक बेईमान दुकानदार क्रय मूल्य पर 10% का लाभ उठाता है यदि वह 1 मीटर में $x$ cm मापता है, तो उसे 30% का लाभ होता है तो $x$ का मान बताओ।

**86.** A dishonest dealer sells the goods at 15% loss on cost price but uses false weight. So his over all profit is 25% find the gm. In 1 kg. that he used.

एक बेईमान दुकानदार क्रय मूल्य पर 15% का हानि उठाता है यदि वह 1 किग्रा. में $x$ ग्राम मापता है, तो उसे 25% का लाभ होता है तो $x$ का मान बताओ।

**87.** A dishonest dealer professes to sell his goods at cost price by using a false weight and thus gains $11\frac{1}{9}\%$. For weighing a kilogram, he uses a weight of?

एक बेइमान दुकानदार अपने वस्तु को क्रय मूल्य पर ही बेचता है परन्तु गलत माप-तौल का उपयोग करके $11\frac{1}{9}\%$ का लाभ कमाता है तो बताएँ कि 1 किलोग्राम वजन की जगह वह कितना वजन इस्तेमाल करता है?

**88.** After offering discount of 23% a seller gains profit of 21%. Find ratio of C.P. to M.P.

एक दुकानदार 23% छूट देके भी 21% लाभ कमा लेता है। क्रय मूल्य तथा अंकित मूल्य का अनुपात ज्ञात करें?

**89.** By how much amount M.P. should exceed to C.P. in order to earn profit of 17% even after giving discount of 10% .

एक दुकानदार अंकित मूल्य को क्रय मूल्य से कितना अधिक अंकित करें कि 10% छूट देने के बाद 17% का लाभ हो?

**90.** A tradesman allows a discount of 15% on the marked price. How much above the cost price must he mark his goods so to gain 19% ?

एक व्यापारी अपनी वस्तुओं के अंकित मूल्य पर 15% छूट देता है, तो उसे वस्तुओं पर कितना प्रतिशत मूल्य बढ़ाकर अंकित करना चाहिये तकि उसे 19% लाभ हो।

**91.** When a producer allows 36% commission on the retail price of his product, he earns a profit of 8.8%. What would be his profit percent, if the commission is reduced to 24%.

एक दुकानदार 36% छूट देने पर 8.8% लाभ कमाता है यदि वह छूट को 24% कर दे तो होने वाला लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

**92.** A shopkeeper sells T.V. for Rs 17940 after giving discounts of 8% and earns profit of 19.6% . If he had not given the discount then find its profit %?

एक दुकानदार ने टी. वी. से 8% छूट के साथ 17940 रु. में बेचा और 19.6% लाभ अर्जित किया। यदि उसने छूट नहीं दी होती तो उसका अर्जित प्रतिशत लाभ क्या होता?

**93.** A retailer purchases 40 pens at the cost price of 36 pens from a wholesaler. If he sells all of them at a discount of 3%, then what is his profit percent?

एक खुदरा विक्रेता, किसी थोक विक्रेता से 40 कलम, 36 कलम के क्रय मूल्य पर खरीदता है। यदि सभी कलमों को 3% बट्टा पर बेचता है, तो उसका प्रतिशत लाभ क्या है?

**94.** A shopkeeper gives discount of 4% and gives one article free on purchasing 15 articles. If he earns profit of 35% then find ratio of C.P. & M.P.

एक दुकानदार 4% छूट देता है। 15 वस्तु पर 1 वस्तु मुफ्त देता है और 35% लाभ कमाता है। क्रय मूल्य एवं अंकित मूल्य का अनुपात ज्ञात करें।

**95.** A shopkeeper gives discount of 35% and gives one article free on purchasing 12 ariticles. If he earns profit of 20% then find ratio of C.P. to M.P.

एक दुकानदार 35% छूट देता है। 12 पर 1 वस्तु मुफ्त देता है। कुल उसे 20% का फायदा होता है। क्रय मूल्य एवं अंकित मूल्य का अनुपात ज्ञात करें।

**96.** Medicine manufacturer gives one dozen extra medicine on the order of every 12 dozen. A discount of 25% is offered on the marked price. If the marked price of a bottle is 117 Rs. Find the lowest price at which a bottle can be sold without any loss?

दवा निर्माता 12 दर्जन दवा खरीदने पर एक दर्जन मुफ्त देता है एवं अंकित मूल्य पर 25% की छूट देता है यदि बोतल का अंकित मूल्य 117 रुपये है तो वह न्यूनतम मूल्य ज्ञात करें जिस पर बोतल बेचने पर कोई हानि न हो।

**97.** A publisher printed 2000 copies of a book at a cost of Rs 70,000. He distributes 400 copies free as specimen copies . He gave 30% discount on printed price and the printed price of each book is Rs 75. What is his gain or loss percentage?

एक दुकानदार 70000 रु. की 2000 कापी छपवाता है। 400 मुफ्त बॉट देता है और बचे हुए पर 75 रु. अंकित करके 30% छूट देता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

mathswithabhinay.com

**98.** A publisher prints 2000 copies of a book for Rs 2400. He distributed 500 copies free. If he gives 25% discount and announces that he will give one book free on selling of 24 books. In this manner he sold all the books and M.P. of each book is 3.25 Rs then find his profit or loss?

एक प्रकाशक ने एक किताब की 2000 प्रतियाँ 2400 रु. की लागत पर छापा। उसने 500 प्रतियाँ मुफ्त में बाँटा। उसने अंकित मूल्य पर 25% की छूट भी दिया तथा यह भी घोषणा किया कि 24 किताबों की बिक्री पर एक किताब मुफ्त में देगा। इस तरह उसने भी किताबें बेच दिया। यदि प्रत्येक किताब का अंकित मूल्य 3.25 रु. हो तो उसका प्रतिशत लाभ या हानि क्या है?

**99.** Even after reducing the marked price of a pen by Rs 32, a shopkeeper makes a profit of 15%. If the cost price be Rs 320, what percentage of profit dies he make it he sells the pen at the marked price?

एक पेंन के अंकित मूल्य पर 32 रुपये की छूट देने के बाद एक दुकानदार को 15% का लाभ होता है यदि पेंन का क्रय मूल्य 320 रुपये हो और उसे अंकित मूल्य पर ही बेचा जाये तो दुकानदार को हुआ लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

**100.** If S.P. of a book is 5 times to the discount offered and discount % is equal to the profit % then find ratio of discount offered to C.P.?

अगर एक किताब का विक्रय मूल्य., छूट का 5 गुना है। और छूट प्रतिशत एवं लाभ प्रतिशत के बराबर है। तो छूट और क्रय मूल्य का अनुपात ज्ञात करें?

**101.** C.P. of 12 oranges is equal to S.P. of 9 oranges and discount on 10 oranges is equal to profit on 5 oranges . Find the difference between profit % and discount offered.

12 संतरे का क्रय मूल्य 9 संतरे के विक्रय मूल्य के बराबर है। 10 संतरे की छूट 5 संतरे के लाभ के बारबर है तो लाभ प्रतिशत एवं दी गयी छूट का अंतर ज्ञात करें?

**102.** When a shirt was sold at discount of 20% a person gets profit of 87.5% due to some reason C.P. was increased by 25% and M.P. by Rs 500 and discount offered also increased 25% and person gains the same profit . Find final S.P. ?

जब कोई शर्ट 20% छूट पर बेची जाती है तो उसकी लाभ 87.5% है। अगर, शर्ट का क्रय मूल्य 25% एवं अंकित मूल्य को 500 रु. बढ़ा देते है। और छूट भी 25% बढ़ा दी जाती है। तो लाभ प्रतिशत पहले के बराबर होता है। बाद में होनें वाला विक्रय मूल्य ज्ञात करें?

**103.** M.P. of an article is 50% more than its C.P. If S.P. and M.P. both are increased by 20% then profit doubles. If initial M.P. was Rs. 300. The find initial S.P. ?

एक वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से50% ज्यादा है। यदि विक्रय मूल्य और अंकित मूल्य दोनों को 20% बढ़ा दिया जाता है तो लाभ दुगुना हो जाता है। यदि शुरूआत में अंकित मूल्य 300 रु. हो, तो शुरुआत का विक्रय मूल्य ज्ञात करें?

**104.** A person bought a book at 20% discount and sold it at 10% discount. In whole transection he got profit of 10 then find M.P. of book?

एक पुस्तक उसके मुद्रित मूल्य पर 10% छूट देकर बेची गई और वही पुस्तक मुद्रित मूल्य पर 20% छूट के साथ खरीदी गई थी। तदनुसार, यदि इस पूरे सौदे में लाभ, 10 का रहा हो, तो उस पुस्तक का मुद्रित मूल्य कितना था?

**105.** A shopkeeper purchased some oranges. By selling 50% oranges he got his purchasing price and sold 60% of remaining at the half of the profit % earlier and thrown away rest oranges. Find profit %.

एक दुकानदार कुछ संतरे खरीदता है। 50% संतरे बेच कर अपनी लागत वसूल लेता है। बचे हुये संतरों का 60% पहले के लाभ दर से आधे लाभ दर पर बेच देता है। बाकी संतरे फैंक देता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

**106.** A shopkeeper purchased some oranges. By selling 40% oranges he got his purchasing price and sold 80% of remaining at the half of the profit % earlier and thrown away rest oranges. Find profit %.

दुकानदार कुछ संतरे खरीद कर लाता है। 40% संतरे बेच कर लागत मूल्य वसूल कर लेता है। बचे हुये को 80% लाभ की पूर्व दर के आधी दर पर बेच देता है। बचे हुये संतरे फैंक देता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

**107.** 7% of S.P. of an article is equal to 8% of C.P. and 9% of S.P. is Rs 1 more than 10% of C.P. Find C.P. of article?

यदि विक्रय मूल्य का 7 प्रतिशत क्रय मूल्य के 8 प्रतिशत के बराबर हो एवं विक्रय मूल्य का 9%, क्रय मूल्य के 10% से 1 रुपये से ज्यादा हो तो वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**108.** Nikita boutgh 30kg wheat at the rate of 8.9 rupees. per kg and 40kg at the rate of 9.9 rupees per kg and sold whole stock at the rate of 9.5 rupees per kg. Find profit or loss?

निकिता 30 किलोग्राम गेहूँ 8.90 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीदती है। 40 किलोग्राम गेंहूँ 9.90 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीदती है। दोनों को मिलाकर 9.50 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बेच देती है। लाभ/हानि ज्ञात करें?

**109.** A person purchased 76 cows and sold 40 at 19 % profit , 16 at 25% profit and 20 at 15 profit over all he got profit of Rs 6570. Find C.P. of 1 cow.

एक आदमी 76 गाय खरीदता है। 40 को 19% लाभ पर, 16 को 25% लाभपर तथा 20 गाय को 15% लाभ पर बेच दिया। उसे 6570 रु. का फायदा हुआ। तो 1गाय का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**110.** The sale price of an article including the sales tax is Rs 616. The rate of sales tax is 10%. If the shopkeeper has made a profit of 12%, then find the cost price of the article.



mathswithabhinay.com

एक वस्तु का विक्रय मूल्य उसके विक्रय कर के साथ 616 रुपये है, विक्रय कर की दर 10% है यदि दुकानदार को 12% लाभ कमाता है तो वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**111.** What percent of selling price would be 34% of cost price if gross profit is 26% of the selling price?

विक्रय मूल्य क्रय मूल्य के 34% का कितना प्रतिशत होगा यदि लाभ विक्रय मूल्य का 26% है।

**112.** A sells a horse to B for Rs 4860, there by losing 19 percent, B sells it to C at a price which would have given A 17 percent profit. Find B's gain.

राम एक घोड़े को श्याम को 4860 रुपयें में बेचता है तो 19% की हानि होती है श्याम उस घोड़े को मोहन को उस कीमत पर बेचता है जिससे राम को 17% का लाभ होता तो श्याम को हुआ लाभ ज्ञात करें?

**113.** A sells a good to B at a profit of 20% and B sells it to C at a profit of 25%. If C pays Rs 225 for it, what was the cost price for A?

A किसी वस्तु को B को 20% लाभ पर बेचता है और B से C को 25% लाभ पर बेचता है यदि C उस वस्तु को 225 रुपये में खरीदता है तो A द्वारा उसे किस कीमत पर खरीदा गया?

**114.** A sells a bicycle to B at a profit of 30% and B sells it to C at a loss of 20%. If C pays Rs 520 for it, at what price did A buy?

A एक साईकिल को B को 30% लाभ पर बेचता है और B उसे C को 20% हानि पर बेचता है यदि C उसे 520 रुपये में खरीदता है तो A उसे किस कीमत पर खरीदा गया।

**115.** A man sells a scooter to his friend at 10% loss. If the friend sells it for Rs. 54000 and gains 20%. Find the original cost price of the scooter.

एक व्यक्ति अपने दोस्त को एक स्कूटर 10% हानि पर बेचता है। यदि उसका दोस्त उसे 5400 रु पर बेचता तो वह 20% लाभ कमाता है । स्कूटर का वास्तविक मूल्य क्या है?

**116.** A sells an article to B at profit of 20% . B sells it to C at 10% profit and C sells it to D at $12\frac{1}{2}\%$ profit. If D has paid Rs 29.70 then at what price A had purchased it ?

A एक वस्तु B को 20% लाभ पर बेचता है। B उसे C को 10% और C उसे D को $12\frac{1}{2}\%$ लाभ पर बेचता है। तद्नुसार यदि D ने रु. 29.70 मूल्य दिया हो, तो A ने उसे कितने में खरीदा होगा?

**117.** A sells an article to B at profit of 20% . B sells it to C at 25% profit If C has paid Rs 225 then at what price A had purchased it ?

A किसी वस्तु को B के हाथों 20% मुनाफा लेकर बेच देता है तथा B, C से 25% मुनाफा लेकर वह वस्तु पुनः बेच देता है। यदि C को 225 रु. भुगतान करना पड़े तो A ने इसके लिए कितने रुपये का भुगतान किया था?

**118.** A sells an article to B making a profit of $\frac{1}{5}$ fot his outlay. B sells it to C, going 20%. If C sells it for Rs 600 and incurs a loss of $\frac{1}{6}$ of his outlays, the cost price of A is

A, B को एक वस्तु बेचकर अपनी लागत का $\frac{1}{5}$ वाँ भाग लाभ के रूप में प्राप्त करता है। B उसे C को 20% लाभ पर बेच देता है। यदि इसे रु. 600 में बेचकर C को अपनी लागत के $\frac{1}{6}$ वाँ भाग की हानि होती है, तो A का लागत मूल्य होगा।

**119.** A bicycle passes through the hands of three dealers each of whom loses 5%. If the third it for Rs 6859, what did the first pay it?

एक साइकिल तीन व्यापारियों द्वारा बेची जाती है। जिस पर उन्हें प्रत्येक को 5% की हानि होती है। यदि इसे 6859 रु. में खरीदता है। तो पहले द्वारा चुकायी गई कीमत ज्ञात करें।

**120.** The cost price of an article, which on being sold at a gain of 12% yields Rs 6 more than when it is sold at a loss of 12%, is?

यदि किसी वस्तु के 12% लाभ एवं 12% हानि का अंतर 6 रुपये है तो उस वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**121.** When the price of pressure cooker was increased by 15%, its sale down by 15% . The effect on the –2.5 money receipt was:?

जब किसी वस्तु की कीमत 15% बढ़ा दी गयी तो बिक्री 15% कम हो जाती है? प्राप्त धन राशि में आये अंतर को ज्ञात करें?

**122.** Subhash purchased a tape recorder at $\frac{9}{10}$ th of its selling price and sold it at 8% more than its selling price. His gain is:?

सुभाष एक रिकार्डर को उसकी कीमत के $\frac{9}{10}$ में खरीदता है और उसकी कीमत से 8% ज्यादा में बेचता है तो उसको हुआ लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

**123.** A man bought a car for Rs. 60000 and spent 10% of the cost of the car for purchase of new tyres. At what price should he sell the car to make a gain of 15%?

एक आदमी एक कार को 60000 रुपये में खरीदता है और कार की कीमत का 10% नये टायर खरीदने में खर्च करता है वह इस कार को किस कीमत पर बेचे कि उसे 15% का लाभ हो?

**124.** If goods be purchased for Rs 450, and one-third be sold at a loss of 10%, at what gain per cent should the remainder be sold so as to gain 20% on the whole transaction?

mathswithabhinay.com

कुछ वस्तुयें 450 रुपये की खरीदी जाती है और उसका एक तिहाई भाग 10% हानि पर बेच दिया जाता है बाकी वस्तुओं को कितने प्रतिशत लाभ पर बेचा जाये कि कुल 20% का लाभ हो।

**125.** Two-thirds of a consignment was sold at a profit of 6% and the rest at a loss of 3%. If there was an overall profit of Rs 540, find the value of the consigment.

यदि दो तिहाई वस्तुयें छः प्रतिशत लाभ एवं बाकी 3% हानि पर बेची जाती है तो कुल 540 रुपये का लाभ होता है। तो वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**126.** $\frac{1}{3}$ of a commodity is sold at 15% profit, $\frac{1}{4}$ is sold at 20% profit and the rest at 24% profit. If a total profit of Rs 62 is earned, then find the value of the commodity.

एक तिहाई वस्तुयें 15% लाभ, एक चौथाई 20% लाभ और शेष को 24% लाभ पर बेचा जाता है तो कुल 62 रुपये का लाभ होता है। वस्तुओं की कीमत ज्ञात करें?

**127.** A person both some article he sold $\frac{1}{3}$ at profit of 14 %, $\frac{3}{5}$ articles at profit of $17\frac{1}{2}$% and rest at profit of 20%. Find his total profit %.

एक व्यक्ति ने कुछ वस्तुएँ खरीदी। उसने $\frac{1}{3}$ वस्तुएँ 14% लाभ पर, $\frac{3}{5}$ वस्तुएँ $17\frac{1}{2}$% लाभ पर और शेष वस्तुएँ 20% लाभ पर बेच दी। इस सौदे में उसे कितना प्रतिशत लाभ हुआ?

**128.** Nandlal purchased 20 dozen notebooks at Rs 48 per dozen. He sold 8 dozen at 10% profit and the remaining 12 dozen at 20% profit. What is his profit percentage in this transaction?

नंदलाल 20 दर्जन किताबें 48 रुपये प्रति दर्जन के हिसाब से खरीदता है। वह 8 दर्जन को 10% लाभ और शेष 12 दर्जन को 20% लाभ पर बेचता है तो कुल लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

**129.** A man purchases 5 horses and 10 cows for Rs 10000. He sells the horses at 15% profit and the cows at 10% loss. Thus he gets Rs 375 as profit. Find the cost of 1 horse and 1 cow separately.

एक आदमी 5 घोड़े और 10 गाय 10,000 रुपये में खरीदता है वह घोड़ो को 15% लाभ और गाय को 10% हानि पर बेचता है तो उसे 375 रुपये का लाभ होता। एक घोड़ा एवं एक गाय का क्रय मूल्य अलग-अलग ज्ञात करें।

**130.** A man buys 5 horses and 7 oxen for Rs 5850. He sells the horses at a profit of 10% and oxen at a profit of 16% and his whole gain is Rs 711. What price does he pay for a horse?

एक आदमी 5 घोड़े और 7 बैल 5850 रुपये में खरीदता है। वह घोड़ों को 10% लाभ और बैलों को 16% लाभ पर बेचता है तो उसे कुल 711 रुपये का लाभ होता है। एक घोड़े का क्रय मूल्य ज्ञात करें?

**131.** A fruit merchant makes a profit of 20% by selling a commodity at a certain price. If he charges Rs 3 more on each commodity, he would gain 50%. Find the cost price and first selling price of that commodity.

एक फल व्यापारी कुछ फलों को 30% लाभ पर बेचता है यदि वह प्रत्येक फल की कीमत 3 रुपये बढ़ा दे तो उसे 50% का लाभ होता है तो फलो का क्रय मूल्य एवं पुराना विक्रय मूल्य ज्ञात करें?

**132.** Printing of a book depends on two factors fixed price and variable price which depends on number of books printing. Publisher want to earn profit of 25% and according to him 500 copies of book of Rs 2 in 3 month and 1000 copies in 9 month. If he prints 4830 copies which will sell out in 50 month then what will be his profit?

किसी पुस्तक की छपाई का खर्च दो मदों पर निर्भर करता है- एक अचर (fixed) मूल्य है तथा दूसरा चर मूल्य है जो छपनेवाली पुस्तकों की संख्या पर निर्भर करता है। प्रकाशक अपनी लगायी गयी राशि पर 20% लाभ चाहता है तथा उसके अनुमान के अनुसार पुस्तक जिसकी कीमत 2 रु. है, की 500 प्रतियाँ 3 महीने के समय में बिक जाएगी, 1000 प्रतियाँ बिकने में 9 महीने लगेंगे। यदि वह 4830 प्रतियाँ छापे, जो 50 महीने में बिक जाएगी तो उस पर उसे कितना लाभ होगा?

**133.** S.P. of a pen is Rs 56. If value of its C.P. and profit% is equal then find its C.P. ?

एक कलम का विक्रय मूल्य 56 रु. है। यदि उसका क्रय मूल्य तथा प्रतिशत लाभ का संख्यात्मक मान समान हो तो क्रय मूल्य क्या है?

**134.** If a man decreases S.P. of a fan from Rs 400 to Rs 380 then his loss increases by 20%. Find C.P. of fan.

यदि एक आदमी एक पंखे का विक्रय मूल्य 400 रु. से घटाकर 380 रु. कर देता है, तो उसकी हानि 20% बढ़ जाती है। पंखे का क्रय मूल्य क्या है?

**135.** Some articles are bought in the range of Rs 120 to Rs 200 and sold out in the range of Rs 250 to Rs 320 . Find maximum profit of such 40 articles ?

कुछ वस्तुएँ 120 रु. से 200 रु. के रेंज में खरीदी गयी तथा 250 रु. से 320 रु. के रेंज में बेची गयी। ऐसी 40 वस्तुओं पर अधिकतम लाभ क्या होगा?

**136.** After adding 40% profit on its manufacturing cost a seller decided to sell his product for Rs 700. As selling of products was very low he decided to sell products at the profit of 10% . Find its new S.P. ?

mathswithabhinay.com

एक व्यापारी ने अपनी लागत कीमत पर 40% लाभ जोड़ने के बाद अपनी वस्तुओं की विक्रय कीमत 700 रु. निर्धारित की। क्योंकि कीमत के इस स्तर पर बिक्री बहुत कम थी, अत: उसने 10% लाभ पर विक्रय कीमत तय करने का निर्णय लिया। नई विक्रय कीमत ज्ञात कीजिए।

**137.** A tea producer mixed two types of tea first of 18Rs /kg and second of 20Rs/kg in ratio of 5 : 3 and sold the mixture at the rate of 21Rs/kg. Find his profit %.

चाय का एक उत्पादक, चाय-बागानों की दो प्रकार की चाय, एक 18 रु. प्रति किग्रा वाली और दूसरी 20 रु. प्रति किग्रा वाली 5 : 3 अनुपात में मिश्रित करके चाय तैयार करता है। तद्नुसार, यदि वह उस मिश्रित चाय को 21 रु. प्रति किग्रा के भाव पर बेचे, तो उसे कितने प्रतिशत लाभ होगा?

**138.** A fruit marchant earns 20% profit on selling mangoes at certain price. If he increases price of each mango by Re 1 then his profit is 40% . Find initial S.P. of each mango.

एक फल विक्रेता, नियत मूल्य पर आम बेचकर 20% लाभ प्राप्त कर लेता है। यदि वह उन्हीं आमों को प्रति आम रु. 1 कीमत बढ़ाकर बेचे, तो उसका लाभ 40% हो सकता है। तद्नुसार प्रथम स्थिति के अनुसार एक आम का बिक्री-मूल्य कितना था?

**139.** A shopkeeper bought 300 lamps at the rate of 6 Rs /lamp. As some lamps were defected shopkeeper decided to sell them at the rate of 4.5 Rs/lamp and rest at profit of 25% . Finally he got profit of $16\frac{2}{3}\%$ at whole . Find number of defected lamps?

एक व्यापारी ने 300 दीप-छादक रु. 6 प्रति दीप-छादक की दर से खरीदें। उनमें कुछ खराब पाए गए। व्यापारी ने वे खराब दीप छादक रु. 4.50 की दर से और शेष 25% लाभ पर बेच दिए। परिणामस्वरूप उसे कुल $16\frac{2}{3}\%$ लाभ प्राप्त हुआ। तद्नुसार उन खराब दीप-छादकों की संख्या कितनी थी?

**140.** A person bought 50 pens for Rs 50 . He sold 40 pen at 5% loss . At how much profit% he has to sell remaining pens in order to get profit of 10% on whole.

एक व्यक्ति ने 50 पेन रु. 50 प्रति पेन की दर से खरीदें। अनंतर उसने 40 पेन 5% हानि पर बेच दिए। अब वह अगर 10% कुल लाभ का आकांक्षी हो, तो उसे शेष पेन कितने प्रतिशत लाभ पर बेचने होंगे?

**141.** Loss % on selling an article for Rs 50 is equal to the profit % on selling the same article for Rs 70 . Find profit/loss %.

किसी वस्तु को 50 रु. में बेचने से होने वाली हानि की प्रतिशतता वही है जो उसे 70 रु. में बेचने से होने वाले लाभ की प्रतिशतता है। उस वस्तु पर उपरोक्त लाभ या हानि की प्रतिशतता है?

**142.** If S.P. of an article is doubled then value of its loss % will convert to profit% . Find loss% of article .

यदि किसी वस्तु के विक्रय मूल्य को दुगुना कर दिया जाए, तो इस पर होने वाला हानि प्रतिशत समान लाभ प्रतिशत में परिवर्तित हो जाता हैं। वस्तु पर होने वाला हानि प्रतिशत है-

**143.** Production of wheat is $2\frac{1}{4}$ times than that of rice but price of rice is $1\frac{1}{4}$ times than that of wheat. If a farmer produces wheat at the place of rice then his income will be change by ?

गेहूँ पैदावार, चावल से $2\frac{1}{4}$ गुनी है। किन्तु चावल का मूल्य गेहूँ के मूल्य का $1\frac{1}{4}$ गुना है। यदि एक किसान चावल के बदले गेहूँ की पैदावार करे, तो उसकी आयु पहले की तुलना में हो जाएगी-

**144.** On decreasing price of pins by Rs 4 / dozen a person buys 12 more pins Rs . 48. Find new price of pins per dozen.

यदि आलपिनों के मूल्य में 4 रुपये प्रति दर्जन की कमी हो गई हो, तो 48 रुपये में 12 अधिक आलपीन खरीदी जा सकती है। मूल्य में कमी होने के बाद आलपिनों का प्रति दर्जन मूल्य है-

**145.** A shopkeeper buys a number of books for Rs 80. If the had bought 4 more books for the same amount, each book would have cost Rs 1 less. How many books did he buy?

एक दुकानदार रु. 80 में कुछ पुस्तकें खरीदता है। यदि वह उसी राशि में 4 अधिक पुस्तकें खरीदा होता, तो प्रत्येक पुस्तक उसे रु. 1 सस्ता पड़ता । उसने कितने पुस्तक खरीदें?

**146.** A shopkeeper sells a sari for Rs 266 after giving discount of 5% . If he had not given the discount then he would have gain 12 % profit of C.P. Find C.P. of each sari.

एक दुकानदार ने प्रत्येक साड़ी को उनके अंकित मूल्य पर 5% छूट देकर, रु. 266 में बेचा। यदि उसने उन पर छूट न दी होती, तो उसे उनके लागत मूल्य का 12% लाभ मिला होता। तद्नुसार, प्रत्येक साड़ी का लागत मूल्य कितना था?

**147.** A shopkeeper purchased a chair of M.P. Rs 600 after getting two consecutive discount of 15% and 20%. He invested Rs 28 on tranport and sold it for Rs 545 . Find his profit%.

mathswithabhinay.com

एक दुकानदार ने रु. 600 के अंकित मूल्य की एक कुर्सी क्रमशः 15% तथा 20% की दो क्रमिक छूटों पर खरीदी। उसने उस कुर्सी के परिवहन पर रु. 28 खर्च किए, तत्पश्चात उसे रु. 545 में बचे दिया। तद्नुसार उसके लाभ का प्रतिशत कितना था?

**148.** A person purchased 3 cows and 8 goats for Rs 47200 If he had purchased 8 cows and 3 gots then he would have to give Rs 53000 more . Find cost price of each cow.

एक व्यक्ति 3 गाएं और 8 बकरियां रु. 47,200 में खरीदता है। यदि उसने 8 गाएं और 3 बकरियां खरीदी होती, तो उसे रु. 53,000 और देने होते। तद्नुसार, एक गाय का क्रय-मूल्य कितना है?

**149.** A trader marked his goods at 20% above the cost price. He sold half the stock at the marked price. one quarter at a discount of 20% on the marked price and the rest at a discount of 40% on the marked price. His total gain is

एक व्यापारी ने अपनी वस्तुओं के मूल्य को उनके क्रय से 20% अधिक पर अंकित किया। उसने आधी वस्तुओं को उनके अंकित मूल्य, एक-चौथाई को 20% की छूट पर तथा शेष को 40% की छूट पर बेचा। उसका कुल लाभ होगा।

**150.** The cost of an apple is twice to that of a banana and the cost of a banana is 25% less than that of an orange. If the cost of each type of fruit increases by 10%, then the percentage increase in the cost of 4 bananas, 2 apples and 3 orange is

एक सेब का मूल्य एक केले के मूल्य का दुगुना है और एक केले का मूल्य एक संतरे के मूल्य से 25% कम है। यदि प्रत्येक प्रकार के फल का मूल्य 10% बढ़ा दिया जाए, तो 4 केले, 2 सेबों एवं 3 संतरों को कुल मूल्य के कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

**151.** A sells a scooter priced Rs 36,000. He gives a discount of 8% on the first Rs 20,000 and 5% on the next Rs 10,000. How much discount can he affored on the remaining Rs 6000 if he is to get as much as when 0.7% discount is allowed on the total.

एक व्यक्ति रु. 36,000 वाले मूल्य के एक स्कूटर को बेचता है। वह पहले रु. 20,000 पर 8% की छूट, अगले रु. 10,000 पर 5% की छूट प्रदान करता है, तो वह शेष राशि पर कितने प्रतिशत की छूट प्रदान करे कि कुल राशि पर कुल राशि पर कूल छूट 0.7% हो जाए।

**152.** A person sold a TV for Rs 9400 and he lost a particular amount. When he sold another TV of the same type at Rs 10600, his gian was double the former loss. What was the cost price of each TV?

रु. 10600 पर एक टेलीविजन को बेचने पर हुआ लाभ समान तरह के एक टेलीविजन को रु. 9400 पर बेचने पर हुए हानि का दो गुना है तो प्रत्येक टेलीविजन का क्रय मूल्य होगा।

**153.** An article is sold at a discount of 20% and an additional discount of 30% is allowed on cash payment. If Namrata purchased the article by paying Rs 2240 in cash, the marked price of the article was

एक वस्तु को 20% की छूट पर बेचा जा रहा है और साथ ही साथ नगद भुगतान करने पर उस पर 30% का अतिरिक्त छूट भी प्रदान किया जा रहा है। यदि नम्रता उस वस्तु को रु. 2240 नगद देकर खरीदती है, तो उसका अंकित मूल्य होगा?

**154.** What is the maximum percentage discount (approximately) that a merchant can offer on his marked price so that he ends up selling at no profit or loss, if he initially marked his goods up by 40% ?

छूट का अधिकतम प्रतिशत क्या है जो कोई व्यापारी अपने अंकित मूल्य पर दे सकता है जिससे उसे कोई लाभ या हानि न हो, जबकि उसने अपनी वस्तुओं पर 40% अधिक मूल्य अंकित कर रखा है?

**155.** A merchant has announced 25% rebate on priece of ready-made garments at the time of sale. If a purchaser needs to have a rebate of Rs 400, then how many shirst, each costing Rs 320, should he purchase?

किसी व्यापारी ने बिक्री के समय सिले-सिलाए वस्त्रों के मूल्यों पर 25% की छूट देने की घोषणा की है। यदि कोई खरीदता 400 रुपये की छूट लेना चाहता है, तो उसे 320 रुपये मूल्य वाली कितनी कमीजें खरीदनी होंगी?

**156.** The profit percentage on the three articles A, B and C is 10%, 20% and 25% and the ratio of the cost prices is 1 : 2 : 4. Also the ratio of number of articles sodl of A, B and C is 2 : 5 : 2 then the overall profit percentage is.

तीन वस्तुएं A, B, C पर प्राप्त लाभ प्रतिशत क्रमशः 10%, 20% और 25% है और क्रय मूल्य के दरों का अनुपात क्रमशः 1 : 2 : 4 है। पुनः A, B और C प्रकार के बेचे गये वस्तुओं की संख्याओं का अनुपात क्रमशः 2 : 5 : 2 है, तो कुल मिलाकर लाभ प्रतिशत है?

**157.** A company instead of raising the mark price by 20%, discounted the cost price by 20% while stitching the price tag on its product. Further the company offers a discount of 6.25% to its costomer. In this process company incurs a loss of Rs 37.5 on a single article. What was the selling price of that article.

mathswithabhinay.com

एक कम्पनी किसी वस्तु का अंकित मूल्य 20% बढ़ाने की जगह पर क्रय मूल्य से 20% कम अंकित करता है। उसके बाद कम्पनी अपने ग्राहक को अंकित मूल्य पर 6.25% का छूट देता है। इस प्रकार कम्पनी को प्रति वस्तु रु. 37.5 की हानि होती है। उस वस्तु का विक्रय मूल्य क्या था?

**158.** The prime cost of an article is three times the value of the raw material used. The cost of raw materials increasef in the ratio of 5 : 12 and manufacturing expenses in the ratio 4 : 5 . The article, which originally cost Rs 6, will now cost.

लागत मूल्य कच्चे माल के मूल्य का तीन गुणा है। यदि कच्चे माल और उत्पादन मूल्य क्रमशः 5 : 12 और 4 : 5 के अनुपात में बढ़े तो रु. 6 वास्तविक मूल्य वाले वस्तु की कीमत अब होगी?

**159.** Two shopkeepers announce the same price of Rs 700 for a shirt. The first offers successive discounts of 30% and 6% while the second offers successive discounts of 20% and 16%. The shopkeeper that offers better discount is more of

दो दुकानदार एक शर्ट की कीमत रु. 700 अंकित करते है। प्रथम दुकानदार 30% और 6% के क्रमागत बट्टे देते है जबकि दूसरा दुकानदार 20% और 16% के क्रमागत बट्टे देते है। बेहतर बट्टे प्रदान करने वाले दुकानदार का बट्टा कितना अधिक है?

**160.** A manufacturer of a certain item can sell all he can produce at the selling price of Rs 60 each. It costs him Rs 40 in materials and labour to produce each item and he has overhead expenses of Rs 3000 per week in order to operate that plant. The number of units he should produce and sell in order to make a profit of at least Rs 1000 per week is

एक उत्पादनकर्त्ता अपने द्वारा उत्पादित किए गए वस्तु को रु. 60 प्रति इकाई की दर से बेचता है। उसे प्रत्येक इकाई के उत्पादन पर कच्चा पदार्थ एवं मजदूरी मिलाकर कुल लागत मूल्य रु. 40 पड़ता हैं। साथ ही साथ कारखाना चलाने हेतु प्रति सप्ताह रु. 3000 खर्च होता है। उसे प्रति सप्ताह कम से कम कितने इकाई का उत्पादन एवं बिक्री करनी चाहिए ताकि प्रति सप्ताह उसे कम-से-कम रु. 1000 का मुनाफा हो?

**161.** Sunder purchased an office bag with a price tag of Rs 600 in a sale where 25% discount was being offered on the tag price. He was given a further discount of 10% on the amount arrived at after giving usual 25% discount. What was the final amount paid by sunder?

कार्यालय उपयोग हेतु सुन्दर एक बैग खरीदता है जिसका अंकित मूल्य रु. 600 है और अंकित मूल्य पर 25% की छूट मिल रही है। 25% छूट के बाद जो मूल्य निकलता है उस पर फिर 10% की अतिरिक्त छूट मिल रही है तो सुन्दर द्वारा उस बैग हेतु दी जाने वाले राशि होगी?

**162.** Mr. Vellu buys a generator for Rs 100000 and rents if. He puts 12.5% of each month's rent aside for upkeep and repairs, pays Rs 325 per year as taxes and realizes 5.5% annually on his investment. Find the monthly rent.

श्री वेल्लू रु. 100000 में एक जेनरेटर खरीदता है और किराये पर देता है । मासिक किराये का 12.5% रखरखाव एवं मरम्मत के लिए अलग रखता है, रु. 325 प्रति वर्ष कर चुकाता है और 5.5% प्रतिवर्ष निवेश में लगाता है। जेनरेटर का मासिक किराया निकालें।

**163.** The marked price of a paino was Rs 15,000. At the time of sale, there weree successive discounts of 20%, 10% and 10% respectively on it. The sale price was?

एक पियानों का अंकित मूल्य रु. 15,000 था। उसे बेचते समय उस पर 20%, 10% तथा 10% की तीन क्रमिक छूट दी गई। तदनुसार, उसका बिक्री मूल्य कितना था?

**164.** Two items A and B are sold at a profit of 10% and 15% respectively. If the amount of profit received is the same, then the cost price of A and B may be?

दों चीजें A और B क्रमशः 10% तथा 15% लाभ पर बेची गई है । यदि उन पर प्राप्त लाभ की राशि एक समान रही हो, तो A तथा B का लागत मूल्य कितना हो सकता है?

**165.** A retail offers the following discount scheme for buyers on an article.

I. Two successive discounts of 10%.

II. A discount of 12% following by a discount of 8%

III. Successive discounts of 15% and 5% .

IV. A discount of 20%.

The selling price will be minimum under the scheme.

कोई खुदरा व्यापारी किसी वस्तु पर क्रेंताओं की छूट के निम्न विकल्प देता है-

I. 10% की दो उत्तरोत्तर छूट

II. 12% की एक छूट और उसके बाद 8% की छूट

III.15% और 5% प्रतिशत की उत्तरोत्तर छूट

IV.20% प्रतिशत की छूट

उपरोक्त में से किस विकल्प के अंतर्गत विक्रय मूल्य होगा?

**166.** A fruit-seller buys $x$ guava for Rs $y$ and sells $y$ guavas for Rs $x$ is $x > y$ , the he made

एक फल विक्रेता ने $x$ अमरूद रु. $y$ में खरीदे और $y$ अमरूद रु. $x$ में बेचे। यदि $x > y$, तो उसे हुआ।

**167.** The ratio of cost price and the marked price of an article is 2 : 3 and ratio of percentage profit and percentage discount is 3 : 2 . What is the discount percentage?

mathswithabhinay.com

किसी वस्तु के क्रयमूल्य और अंकित मूल्य का अनुपात 2 : 3 है और प्रतिशत लाभ तथा प्रतिशत बट्टे का अनुपात 3 : 2 है। प्रतिशत बट्टा क्या है?

**168.** A trader sells 20 kg of sugar at Rs 400. A customer asks 20% discount and he agreed to it but instead of 1 kg he gives 4% less sugar. What is the effective discount that the customer gets?
एक व्यापारी 20 किग्रा. चीनी रु. 400 में बेचता है। एक ग्राहक 20% का बट्टा चाहता है और वह इस सहमत हो जाता है लेकिन 1 किग्रा की जगह 4% कम चीनी देता है ग्राहक को प्रभावी बट्टा क्या मिलता है?

**169.** A person wanted to buy some chairs whose cost was 200 each. Seller offer him a discount such that after buying 12 chairs. the person have to pay the cost of 10 chairs and rest 2 chairs at 80 each. What is the discount percentage?
एक व्यक्ति कुछ कुर्सियां खरीदना चाहते है जिसमें प्रत्येक की कीमत रु. 200 है। विक्रेता उसे इस तरह छूट उपलब्ध कराता है कि आदमी को 12 कुर्सियां खरीदने पर 10 कुर्सियों की कीमत और बाकी 2 कुर्सियां रु. 80 के अनुसार अदा करने पड़ते है। छूट प्रतिशत क्या है?

**170.** By selling an article for 21, a man lost such that the percentage loss was equal to the cost price. The cost price of the article is :
एक वस्तु को 21 में बेचने पर, एक व्यक्ति को उतनी ही हानि होती है, जितनी की क्रय मूल्य पर प्रतिशत हानि है। वस्तु का क्रय मूल्य है?

**171.** Krishna has 12 oranges. He sells $x$ of them at a profit of 10% and remaining at a loss of 10%. He gains 5% on the whole outlay. The value of $x$ is.
कृष्णा के पास 12 संतरे है। उसमें से वह $x$ को 10% लाभ तथा शेष 10% हानि पर बेचता है। इस प्रकार लागत पर उसे 5% का लाभ होता है। $x$ का मान है।

**172.** The balance of a trader weight 10% less than it should be still the trader marks up his goods to get the overall profit of 20% . What is the markup on the cost price.
किसी व्यापारी का तराजू 10% कम भार तोलता है। फिर भी व्यापारी अपने सामान पर इस तरह मूल्य अंकित करता है कि उसे कुल सामान पर 20% का लाभ प्राप्त होता है। क्रय मूल्य से उसने कितना अधिक अंकित किया?

**173.** Anna sold his car to Boney at a profit of 20% and Boney sold it to Chokori at a profit of 10%. Chokori sold it to mechanic at a loss of 9.09%. Mechanic spent 10% of his purchasing price and then sold it at a profit of 8.33% to Anna once again. What is the loss Anna?
अन्ना ने बोनी को अपनी कार 20% लाभ पर बेची। बोनी ने चकोरी को इसे 10% लाभ पर बेची चकोरी ने एक मेकेनिक को 9.09% की हानि पर यह कार बेच दी। मेकेनिक ने अपने क्रय मूल्य का 10% कार पर खर्च किया और उसे 8.33% के लाभ अन्ना को बेच दिया। अन्ना के हानि का प्रतिशत ज्ञात करें।

**174.** A trader sells one type of sugar at 10 rupees per kg. and suffered a loss of 20%. While he sells the other type of sugar at Rs. 15 per kg and makes a profit of 25%. Now he mixes both type of sugar in equal proportion and sells the mixture at 18 rupees per kg. Find his profit and loss now-
एक व्यापारी एक प्रकार की चीनी 10 रु. प्रति किलो की दर से बेचता है और 20% हानि उठाता है। दूसरे प्रकार की चीनी को वह 15% किलो की दर से बेचता है और 25% लाभ कमाता है। वह दोनों प्रकार की चीनी को बराबर अनुपात में मिलाता है और 18 रु. प्रतिकिलो की दर से बेच देता है। अब उसे कितने प्रतिशत का लाभ या हानि हुई?

**175.** An article is listed at Rs. 65. A customer bought this article for Rs 56.16 and got two successive discounts of which one is 10%. Find the other discount of this discount scheme that was allowed by the shopkeeper.
एक वस्तु का लिखित मूल्य 65 रु. है। एक ग्राहक उसे दो क्रमिक बट्टे पर 56.16 रु. में खरीदता है, जिनमें से एक बट्टा 10% है। इस योजना कें अंतर्गत दुकानदार द्वारा दिया गया दूसरा बट्टा क्या होगा?

**176.** A fruit vendor purchased 80 dozens of bananas at Rs. 10 per dozen. Out of this, 12 dozens got rotten and he sold them at Rs 6 per dozen. Remaining bananas were sold by him at Rs. 14 per dozen. What profit did the make in this transaction?
एक फलवाला 80 दर्जन केले 10 रु. प्रति दर्जन की दर से खरीदता है। इनमें से 12 दर्जन केले खराब हो जाते है और उसने उन्हें 6 रु. प्रति दर्जन की दर से बेच दिया। शेष केले वह 14 रु. प्रति दर्जन की दर से बेचता है। इस सौदे में उसे कितना लाभ हुआ?

**177.** The sale price of an article including the sales tax is Rs. 616. The rate of sales tax is 10%. If the shopkeeper has mate a prifit of 12%, then the cost price of the article.
किसी वस्तु का विक्रय मूल्य, विक्रय कर सहित 616 हैं। विक्रय कर की दर 10% हैं। यदि दुकानदार को 12% लाभ होता है तो उसका क्रय मूल्य कितना है।

**178.** A man buys a television set which lists for Rs 5000 at 10% discount . He gets an additional 2% discount (after the first discount) for paying cash. What does he actually pay for the set?
एक व्यक्ति टेलीविजन सेट, जिसका अंकित मूल्य रु. 5000 है, 10% छूट पर खरीदता है। वह 20% अतिरिक्त छूट (पहली छूट के बाद) नगद भुगतान के लिये प्राप्त करता है। वह सेट के लिये वास्तविक रूप में कितना भुगतान करता है।

**179.** Bhajan Singh pruchased 120 reams of paper at Rs 80 per ream. He spent Rs 280 on transportation, paid octroi at the rate of 40 paise per ream and paid Rs. 72 to the coolie. If he wants to ave a gain of 8%, the selling price per ream must be:

भजन सिंह 80 रु. प्रति रिम के हिसाब से 120 रिम पेपर खरीदता वह भाड़े पर 280 रु., चुगीं कर 40 पैसे प्रति रिम और 72 रु. कुली को देता है। यदि वह 8% का लाभ कमाना चाहता है तो प्रति रिम का विक्रय मूल्य कितना होगा?

**180.** A man had a table to sell. I offered him a sum of money for the table which he refused as being 13% below the value of the table. I then offered Rs 450 more and the second offer was 5% more than the estimated value. Find the value of the table.

एक आदमी एक टेबल बेचता है। मैनें उससे जिस कीमत पर वह टेबल मांगी वह उसे यह कहकर देने से मना कर देता है कि वह कीमत टेबल के क्रय मूल्य से 13% कम है। तब मैंने उसे 450 रु. और आँकी गयी कीमत से 5% अधिक दिये। टेबल की कीमत ज्ञान करें?

**181.** By selling an article for Rs 77 a person gained $\frac{1}{10}$ of his outlay. What would he have gained or lost percent by selling it for Rs 63?

किसी वस्तु को 77 रुपये में बेचने पर एक आदमी को उसके $\frac{1}{10}$ कीमत के बराबर लाभ होता है। यदि वह इस वस्तु को 63 रुपये में बेचे तो उसका लाभ/हानि ज्ञात करें?

**182.** 10 kg of rice costs as much as 20 kg of wheat, 25 kg of wheat costs as much as 2 kg of tea, 5 kg of tea costs as much as 25 kg of sugar. Find the cost of 6 kg of sugar if 4 kg of rice cost Rs 32.

10 किलो चावल की कीमत 20 किलो गेहूँ की कीमत के बराबर है, 25 किलो चावल की कीमत दो किलो चाय के बराबर है, 5 किलो चाय की कीमत 25 किलो चीनी की कीमत के बराबर है यदि 4 किलो चावल की कीमत 32 रुपये है तो 6 किलो चीनी की कीमत ज्ञात करें?

**183.** An item costing Rs 200 is being sold at 10% loss. If the price is further redcuced by 5%, the selling price will be:

200 रुपये कीमत वाली एक वस्तु को 10% हानि पर बेचा गया यदि उसकी कीमत में 5% की और कटौती की जाती है उस वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात करें?

**184.** Vishal goes to a shop to buy a radio costing Rs 2568. The rate of sales tax is 7%. He talls the shopkeeper ot reduce the price of the radio to such an extent that he has to pay Rs 2568, inclusive of sales tax. Find the reduction needed in the price of the radio.

विशाल एक दुकान पर रेडियों खरीदने जाता है जिसकी कीमत 2568 रुपये है। विक्री कर 7% है। वह दुकानदार को रेडियों की कीमत इतनी कम करने को कहता है कि उसे विक्री कर के साथ 2568 रुपये चुकाने पड़े। रेडियों की कीमत में की गयी कटौती क्या होगी?

**185.** A merchant makes a profit of 20% by selling an article. What would be the percentage change in the profit percent had he paid 10% less for it and the customer paid 10% more for it?

एक व्यापारी किसी वस्तु को बेचने पर 20% का लाभ कमाता है यदि वह इसे 10% कम में खरीदता और ग्राहक व्यापारी को 10% अधिक कीमत चुकाते तो लाभ प्रतिशत में आया हुआ अन्तर ज्ञात करें।

**186.** A company offers 20% discount and earns profit of 25% . Further it increases production cost by 10% and issues new price list which is 25% more than the previous one . If company offers same discount as earlier then what will be its profit % at increased production cost.

एक कम्पनी अपने द्वारा उत्पादित वस्तुओं की सूची मूल्य पर 20% छूट देती है तथा 25% लाभ कमाती है। बाद में कम्पनी उत्पादन लागत को 10% बढ़ा देती है तथा नया सूची मूल्य मूल्य जारी करती है जो पूर्व सूची मूल्य से 25% अधिक है यदि कम्पनी अभी भी पहले जितना ही छूट देती तो अब बढ़े हुये उत्पादन लागत पर उसका प्रतिशत लाभ क्या है।

**187.** A shopkeeper sells a watch for Rs 960 after giving discount of 20% . Had he not given any discount he would earn 40% profit. At what price he sould sell that watch in order to earn profit of 54% .

एक दुकानदार एक घड़ी के अंकित मूल्य पर 20% की छूट देता है और 960 रुपये में उसे बेचता है यदि वह कोई छूट नहीं देता तो उसे 40% लाभ होता है। यदि वह खरीद मूल्य पर 54% का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो उसे कितने रुपये में उस घड़ी को बेचना चाहिए ।

**188.** The ratio of selling price of 3 articles A, B, C is 8 : 9 : 5 and ratio of their profits is 8 : 7 : 14. If profit % of A is 14.28% and CP of B is Rs 400. Find overall%.

तीन वस्तुओं A, B, और C की विक्रय मूल का अनुपात 8 : 9 : 5 है और उनके लाभ का अनुपात 8 : 7 : 14 है अगर A को 14.8 प्रतिशत लाभ होता है और B की लागत मूल्य 400 रु. है तो कुल प्रतिशत लाभ कितना होगा?

**189.** Two men calculate their profit. One calculates his profit and SP and another one at CP. SP of article is same. One gets 25% profit and another gets 15% profit. Difference of profit is Rs 275. Find SP.

निखिल अपने प्रतिशत लाभ की गणना विक्रेय मूल पर करता है तथा राम अपने प्रतिशत लाभ की गणना क्रय मूल्य पर करता है। उन्हें ज्ञात होता है कि उनके लाभ के संख्यात्मक मानों का अन्तर 275 रु. है। यदि दोनों के विक्रय मूल्य समान हैं और निखिल को 25% का लाभ तथा राम को 15% का लाभ होता है तो उनके विक्रय मूल ज्ञात करें।

mathswithabhinay.com

**190.** A person sells three articles first at 10% loss, second at 20% profit and the third one at 25% loss. If SP is equal find overall profit/loss%
एक आदमी 3 वस्तुएँ बेचता है। पहली वस्तु 10% हानि पर दूसरी वस्तु 20% लाभ पर और तीसरी वस्तु 25% हानि पर। यदि उनकी विक्रय मूल एक समान है तो उनका कुल लाभ या हानि प्रतिशत क्या होगा?

**191.** Mangoes are bought at Rs 10 per 100. Find the rate at which per 100 must be sold so that the gain on Rs 100 may be equal to SP% 250 mangoes.
10 रु. में 100 आम खरीदे गए हैं। इन 100 आमों को किस दर पर बेचा जाए कि 100 रु. पर लाभ 250 आमों के विक्रय मूल के बराबर हो जाए।

**192.** A shopkeeper buys an article on discount of 20% on MP. Shopkeeper marks it Rs 200 more than CP and gives 10% discount on it. Profit gained is Rs 148. Find initial M.P.
एक दुकानदार एक वस्तु को अंकित मूल्य पर 20% छूट के बाद खरीदता है और उस पर क्रय मूल्य से 200 रु. अधिक अंकित करता है। तथा इस पर 10% छूट दे कर बेच देता है तो उसे 148 रु. का लाभ होता है तो उसका अंकित मूल्य ज्ञात करो।

**193.** Shopkeeper marks his goods B% above CP. Half stock is sold at M.P. and $\frac{1}{4}$th part at 15% discount and remaining is sold at 30% discount. Find CP.
एक व्यापारी अपनी वस्तुओं पर विक्रय मूल्य, क्रय मूल्य से 30% अधिक अंकित करता है। वह अपनी वस्तुओं का आधा भाग इस मूल्य पर बेचता है। विक्रय मूल्य से क्रमशः 15% की छूट पर 1/4 भाग तथा 30% की छूट पर शेष भाग बेचता है। तो उसका कुल प्रतिशत लाभ कितना होगा?

**194.** A shopkeeper shopkeeper marks his goods at 39% more than CP. $\frac{1}{3}$rd stock is sold at 15% discount, $\frac{1}{4}$th on 20% discount and remaining at 24% discount. Find overall profit %.
एक व्यापारी अपनी वस्तुओं पर विक्रय मूल्य, क्रय मूल्य से 39% अधिक अंकित करता है वह अपनी वस्तुओं का 1/3 भाग 15% की छूट पर बेचता है, 1/4 भाग को 20% की छूट पर बेचता है और बचे हुए भाग को 24% छूट पर बेचता है तो उसका लाभ प्रतिशत क्या होगा?

**195.** On selling 10 candles profit is equal to SP of 3 pens loss on selling 10 pens is equal to SP of 4 cnadles. Profit % is equal to loss%. The CP of one candle is half of CP of one pen. Find ratio of SP.
10 मोमबत्ती बेचने पर प्राप्त लाभ, 3 पेन के विक्रय मूल्य के बराबर है जबकि 10 पेन बेचने पर हुआ लाभ 4 मोमबत्तियों के विक्रय मूल्य के बराबर है दोनों प्रतिशत लाभ बराबर है तो 1 मोमबत्ती तथा 1 पेन के विक्रय मूल्य का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**196.** A retailer bought 3850 linc pens and 1848 cello pens at the same price. He sells linc pens in such a way that he can buy 650 linc pens with the selling price of 481 linc pens but he can only buy 408 cello pens with the selling price of 629 cello pens. What is his overall profit percentage?
एक विक्रेता 3850 लिंक पेन तथा 1848 सेलो पेन को एक ही दर पर खरीदता है। वह लिंक पेन को इस तरह बेचता है कि 481 लिंक पेन के विक्रेय मूल से वह 650 लिंक पेन खरीद सकता है। 629 पेन के विक्रय मूल से वह सिर्फ 408 सेलो पेन खरीद सकता है। विक्रेता का कुल लाभ प्रतिशत ज्ञात करें।

**197.** SP of an article is already fixed. If it is sold at $\frac{3}{4}$th of SP there would be $16\frac{2}{3}\%$ loss find the profit % if it is sold at $\frac{6}{5}$th of S.P.
एक वस्तु का विक्रय मूल्य नियत है। यदि इसे विक्रय मूल्य के 3/4 पर बेचा जाता है $16\frac{2}{3}\%$ की हानि होगी यदि इसे विक्रय मूल्य के 6/5 पर बेचा तो कितने प्रतिशत लाभ होगा।

**198.** A company gives 10% discount on MP and earns 20% profit later on due to increase in CP by 10% and MP is increased by 40%. If discount % is same as before. Find new profit%.
एक कम्पनी अंकित मूल्य पर 10% की छूट देती है और 20% प्रतिशत लाभ कमाती है। यदि क्रय मूल्य 10% बढ़ा दिया जाये और अंकित मूल्य 40% बढ़ा दिया जाये और छूट प्रतिशत वही रहे तो नया लाभ प्रतिशत क्या होगा?

**199.** Ram makes 750 articles at the cost of 6 paisa article he fixed the selling price such that if only 600 article are sold he would have made profit of 40% on the outlay. However, 120 articles got spoiled and he was able to sell 630 articles at this price. Find his actual profit percent.
राम 60 पैसे प्रति वस्तु के दर पर 750 वस्तुएँ बनाता है। वह वस्तु का मूल अंकित करता है कि यदि केवल 600 वस्तुएँ बेची जाएँ तो उसे 40% लाभ प्राप्त हो, जबकि 120 वस्तुएँ खराब हो जाती हैं तथा वह इस मूल्य पर केवल 630 वस्तुएँ ही बेच पाता है तो उसका कुल लाभ प्रतिशत ज्ञात करें।

**200.** A shopkeeper sold 12 cameras at the profit of 20% and 8 cameras profit of 10%. If he had sold all 20 cameras at 15% profit then his profit would have been decreased by Rs. 36. What is the cost price of each camera?
एक दुकानदार 12 कैमरों को 20% लाभ पर बेचता है। और 8 कैमरों को 10% लाभ पर बेचता है। अगर वह सभी 20 कैमरों को 15% लाभ पर बेचता है तो उसके लाभ में 36 रु. की कमी हो जाती है। तो प्रत्येक कैमरे का लागत मूल्य ज्ञात कीजिए।



mathswithabhinay.com

## ANSWERS

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **1.** Rs. 1200 | **2.** Rs. 186 | **3.** 50% | **4.** Rs. 3000 | **5.** Rs. 800 |
| **6.** Rs. 650 | **7.** Rs. 375 | **8.** Rs.1000 | **9.** Rs.890 | **10.** 20% |
| **11.** 60% | **12.** 20% Loss | **13.** $33\frac{1}{3}$ % profit | **14.** 10% Loss | **15.** 15% profit |
| **16.** 20% loss | **17.** Rs. 60 | **18.** Rs. 25 | **19.** 30% | **20.** 21% profit |
| **21.** 44% | **22.** 20% profit | **23.** 12.5% profit | **24.** 20% Loss | **25.** 1% loss |
| **26.** $1\frac{19}{81}$ % Loss | **27.** 20% profit | **28.** 50% profit | **29.** 160 | **30.** 60 |
| **31.** 112 | **32.** 30 | **33.** 60 | **34.** 1080 | **35.** 32 |
| **36.** 28 | **37.** Rs. 57 | **38.** Rs. 60 | **39.** 28% | **40.** 16 |
| **41.** 2.25% | **42.** Rs.160 Loss | **43.** Rs. 240 | **44.** 500/3% | **45.** $\frac{1}{12}$ lakh |
| **46.** $\frac{100}{41}$ % | **47.** $\frac{100}{13}$ % | **48.** Rs. 90 | **49.** Rs. 50 | **50.** Rs. 110 |
| **51.** Rs. 30400 | **52.** Rs. 360 | **53.** Rs. 300 | **54.** Rs. 810, Rs. 1350 | **55.** Rs. 16000 |
| **56.** Rs. 300 | **57.** Rs. 3000, Rs. 5000 | **58.** Rs.3100 | **59.** 1 : 3 | **60.** 50% Profit |
| **61.** 20% Profit | **62.** 25% Loss | **63.** Rs. 2550 | **64.** Rs. 8300 | **65.** Rs. 6400 |
| **66.** Rs. 2000 | **67.** Rs.1200 | **68.** Rs. 115 | **69** Rs. 150 | **70.** Rs. 40 |
| **71.** Rs. 60 | **72.** Rs. 320 | **73.** Rs. 600 | **74.** Rs. 120 | **75.** Rs. 850 |
| **76.** Rs. 9000 | **77.** Rs. 154.8 | **78.** $\frac{100}{9}$ % | **79.** $\frac{200}{9}$ % | **80.** $\frac{200}{9}$ % |
| **81.** 20% | **82.** 32% | **83.** $7\frac{1}{7}$ % Profit | **84.** $7\frac{1}{7}$ % Profit | **85.** $\frac{1100}{13}$ cm |
| **86.** 680 | **87.** 900 gm. | **88.** 7:11 | **89.** 30% | **90.** 40% |
| **91.** 27.5% | **92.** 30% | **93.** $7\frac{7}{9}$ % | **94.** 2 : 3 | **95.** 1 : 2 |
| **96.** Rs. 81 | **97.** 20% Profit | **98.** $46\frac{1}{4}$ % | **99.** 25% | **100.** 7 : 30 |
| **101.** $\frac{200}{9}$ % | **102.** Rs. 1500 | **103.** Rs. 250 | **104.** Rs. 100 | **105.** 45% profit |
| **106.** 84% | **107.** Rs. 350 | **108.** Rs. 2 | **109.** Rs. 450 | **110.** Rs. 500 |
| **111.** 25.16% | **112.** Rs. 2160 | **113.** Rs. 150 | **114.** Rs. 500 | **115.** Rs. 50000 |
| **116.** Rs. 20 | **117.** Rs. 150 | **118.** Rs. 500 | **119.** Rs. 8000 | **120.** Rs. 25 |
| **121.** 2.25% dec. | **122.** Rs. 20% | **123.** Rs. 75900 | **124.** 20% | **125.** Rs. 18000 |
| **126.** Rs. 310 | **127.** 16.5% | **128.** 16% | **129.** Rs. 1100, Rs. 450 | **130.** Rs. 750 |
| **131.** Rs. 12 | **132.** Rs. 1610 | **133.** Rs. 40 | **134.** Rs. 500 | **135.** Rs. 8000 |
| **136.** Rs. 550 | **137.** 12% | **138.** Rs. 6 | **139.** 50 | **140.** 70% |
| **141.** $16\frac{2}{3}$ % | **142.** $33\frac{1}{3}$ % | **143.** 80% | **144.** Rs. 12 | **145.** 16 |
| **146.** Rs. 250 | **147.** 25% profit | **148.** Rs. 12000 | **149.** 2% profit | **150.** 10% |
| **151.** 7% | **152.** Rs. 9800 | **153.** Rs. 4000 | **154.** 28.5% | **155.** 5 |
| **156.** 21% | **157.** Rs. 150 | **158.** 9.8 | **159.** 9.8 | **160.** 200 |
| **161.** Rs. 405 | **162.** Rs. 554.76 | **163.** Rs. 9720 | **164.** Rs. 3000, Rs. 2000 | **165.** Option (IV) |
| **166.** $\frac{x^2 - y^2}{y^2} \times 100$ % profit | | **167.** 16.66% | **168.** 16.66% | **169.** 10% |
| **170.** 30 or 70 | **171.** 9 | **172.** 8% | **173.** 23% | **174.** 10% |
| **175.** $46\frac{46}{49}$ % | **176.** 29.1% | **177** Rs. 500 | **178.** Rs. 4410 | **179.** Rs. 90 |
| **180.** Rs. 25000 | **181.** 10% Loss | **182.** Rs. 60 | **183.** Rs. 171 | **184.** Rs. 179.76 |
| **185.** 125% | **186.** 42% | **187.** Rs. 1320 | **188.** 15.7% | **189.** Rs. 2300 |
| **190.** 8.444% loss | | **191.** Rs. 40/3 | **192.** Rs. 400 | **193.** 15.375% profit |
| **194.** 11.2% profit | | **195.** 3 : 2 | **196.** 1300/37% | **197.** 33.33% |
| **198.** 53% | **199.** 47% | **200.** Rs. 180 | | |